प्रिय शिक्षार्थीगण,

सादर अभिवादन।

हिंदी केवल हमारी अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक स्मृ ति, ज्ञान-परंपरा और सामाजिक चेतना की जीवंत संवाहिका है। बदलते हु एतकनीकी एवं ज्ञान-परिदृश्य में हिंदी की भूमिका, उसकी संभावनाओं तथा भविष्य की दिशा पर सार्थक विमर्श आवश्यक है।

इसी उद्देश्य से इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, क्षेत्रीय केंद्र, देवघर द्वारा हिंदी पखवाड़ा–2026 के अंतर्गत हिंदी दिवस के अवसर पर मुख्य व्याख्यान एवं समापन समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

इस अवसर पर काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी के हिन्दी विभाग के प्रो. प्रभाकर सिंह द्वारा निम्नलिखित विषय पर मुख्य व्याख्यान प्रस्तुत किया जाएगा–

" आधुनिक भारत में हिंदी–परंपरा से परिवर्तन और 2047 तक की यात्रा "
यह व्याख्यान हिंदी की ऐतिहासिक विरासत से लेकर उसके समकालीन स्वरूप तथा शिक्षा, ज्ञान-विज्ञान, प्रौद्योगिकी, प्रशासन एवं विकसित भारत @2047 के संदर्भ में उसकी भावी भूमिका तक के विविध आयामों पर विचार करने का अवसर प्रदान करेगा।

## कार्यक्रम का विवरण

- **कार्यक्रम:** हिंदी दिवस–2026 — मुख्य व्याख्यान एवं समापन समारोह
- **दिनांक:** 14 सितंबर 2026 (सोमवार)
- **समय:** प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक
- **माध्यम:** Google Meet
- **Google Meet लिंक:** https://meet.google.com/mid-ccuf-wtu
- **फोन द्वारा सहभागिता:** +1 661-622-3658
- **PIN:** 924 660 766#

सभी शिक्षार्थियों से अनुरोध है कि वे निर्धारित समय पर ऑनलाइन माध्यम से कार्यक्रम में सम्मिलित होकर इस महत्वपूर्ण अकादमिक एवं वैचारिक आयोजन का लाभ उठाएँ। आपकी सहभागिता न केवल कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाएगी, बल्कि हिंदी के समकालीन स्वरूप और उसके भावी परिदृश्य को समझने की दृष्टि से भी उपयोगी सिद्ध होगी।

अतः सभी शिक्षार्थियों से अधिकाधिक संख्या में सहभागिता सुनिश्चित करने का अनुरोध है।

सादर,

डॉ. आदित्य कुमार जायसवाल
कार्यक्रम संयोजक, हिंदी पखवाड़ा–2026
इग्नू क्षेत्रीय केंद्र, देवघर
झारखंड

अरविंद मनोज कुमार सिंह
क्षेत्रीय निदेशक (प्रभारी)
इग्नू क्षेत्रीय केंद्र, देवघर
झारखंड